झूम रहे दीवाने सारे

झूम रहे दीवाने सारे मैया तेरे नाम में ,
देखो रौनक लग गयी भारी महाकाली के धाम में....

भवन सजा है फूलों से भक्तों को मस्ती छाई है ,
तेरी एक झलक को मैया सबने आस लगाई है ,
तेरी कृपा से बीत रही है ज़िन्दगी माँ आराम में ,
देखो रौनक लग गयी भारी महाकाली के धाम में.....

नाच नाच के ख़ुशी मनाते रंग के माँ तेरी भक्ति में ,
कोई भी ना समझ है पाए तेज है वो तेरी शक्ति में,
जबसे तेरा नाम लिया ना रुकावट पड़ती काम में ,
देखो रौनक लग गयी भारी महाकाली के धाम में.....

कुरुक्षेत्र में धाम निराला मैया तेरा कालका ,
तेरी कृपा से मौज उड़ाता हर एक तेरा बालक ,
गुरु माँ अंजलि झूम रही है मैया तेरे नाम में ,
देखो रौनक लग गयी भारी महाकाली के धाम में.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27005/title/jhoom-rahe-diwane-sare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |